बीडा में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' पर जोर

लखनऊ। सरकार बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के अंतर्गत विकास प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए विशिष्ट टीम बनाएगी। इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके जरिए निवेश आकर्षित करने और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को प्रमोट करने के साथ ही कई प्रकार की प्रक्रियाओं में तेजी लाई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में विभागवार समीक्षा के दौरान बीडा में रजिस्ट्री कार्यालयों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया था। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि बीडा के विकास की कार्यवाही में तेजी लाई जाए। एक विशिष्ट टीम का गठन कर कामों के लिए फ्रेमवर्क तैयार किया जाए।